मूल हिन्दी

भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2637
11 दिसम्बर, 2019 को उत्तर के लिए

बिहार में अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन

2637. श्री राम नाथ ठाकुर :

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) के अंतर्गत बिहार के किन-किन शहरों का चयन किया गया है और इन शहरों में इस योजना के अंतर्गत निर्धारित कार्यों के पूर्ण होने के संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि इस योजना के अंतर्गत चयनित शहरों में निर्धारित विकास कार्य सफलतापूर्वक पूरा नहीं किया जा सका है; और

(ग) इस मिशन द्वारा शुरू की गई विकास योजनाओं के लिए विगत तीन वर्षों के दौरान हुए व्यय का शहर-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) : अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) के तहत बिहार राज्य के 27 शहरों का चयन किया गया है। 27 शहरों की सूची के साथ बिहार सरकार द्वारा इन शहरों में शुरू की गई अमृत परियोजनाओं की स्थिति **अनुलग्नक** में दी गई है।

(ख) : अमृत के तहत, बिहार राज्य के लिए 1,164.80 करोड़ रूपये की प्रतिबद्ध केंद्रीय सहायता के साथ 2,469.77 करोड़ रूपये की राज्य वार्षिक कार्य योजना (एसएएपी) का अनुमोदन किया गया है। आज की स्थिति के अनुसार, राज्य द्वारा 2,566.83 करोड़ रूपये की लागत की परियोजनाएं शुरू की गई हैं जिनमें 2,196.32 करोड़ रूपये की लागत की 57 परियोजनाओं की संविदाएं की गई हैं और कार्य चल रहा है और 366.48 करोड़ रूपये की लागत की 10 परियोजनाओं की निविदा की प्रक्रिया चल रही है।

(ग) : अमृत के तहत, केंद्रीय सहायता शहर-वार अथवा परियोजना-वार जारी नहीं की जाती है अपितु कुल निविदाकृत परियोजनाओं की सकल धनराशि के लिए अनुमोदित राज्य राज्य वार्षिक कार्य योजना (एसएएपी) के अनुसार तीन किस्तों में जारी की जाती है। पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान अमृत परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए बिहार राज्य के लिए जारी की गई केंद्रीय सहायता और उनसे प्राप्त उपयोग प्रमाण-पत्रों का ब्यौरा निम्नलिखित तालिका में दिया गया है:

(धनराशि करोड़ रूपये में)

वित्तीय वर्ष	2016-17	2017-18	2018-19	कुल
अमृत परियोजनाओं के लिए जारी की गई केंद्रीय सहायता	77.52	89.02	136.98	303.52
प्राप्त उपयोग प्रमाण-पत्र	77.52	75.17	0	152.69

बिहार सरकार द्वारा शुरू की गई अमृत परियोजनाओं का शहर-वार लागत का ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है।

"बिहार में अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन" के संबंध में दिनांक 11.12.2019 के लिए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2637 के भाग (क) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

बिहार में अमृत परियोजनाओं की शहर-वार स्थिति

(राशि करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	शहर	परियोजना की उपलब्धियां						कुल	
		दी गई संविदा		जारी एनआईटी		अनुमोदित डीपीआर			
		संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
1	आरा	4	121.65	-	-	-	-	4	121.65
2	औरंगाबाद (बीएच)	2	34.04	1	123.33	-	-	3	157.37
3	बगहा	2	88.49	-	-	-	-	2	88.49
4	बेगूसराय	2	121.94	-	-	-	-	2	121.94
5	बेतिया	2	93.17	-	-	-	-	2	93.17
6	भागलपुर	1	32.66	1	1.06	-	-	2	33.72
7	बिहारशरीफ	3	156.98	1	0.95	-	-	4	157.93
8	बोधगया	1	0.62	-	-	-	-	1	0.62
9	बक्सर	3	76.25	-	-	-	-	3	76.25
10	छपरा	3	122.74	-	-	-	-	3	122.74
11	दरभंगा	2	57.05	-	-	2	2.14	4	59.19
12	देहरी	1	80.06	-	-	-	-	1	80.06
13	दीनापुर निज़ामत *	-	-	-	-	-	-	-	-
14	गया	2	5	1	2.58	-	-	3	7.58
15	हाजीपुर	2	108.69	-	-	-	-	2	108.69
16	जमालपुर	-	-	1	52.75	-	-	1	52.75
17	जहानाबाद	2	72.8	1	1.37	-	-	3	74.17
18	कटिहार	2	140.55	1	2.1	1	1.89	4	144.54
19	किशनगंज	3	66.9	-	-	-	-	3	66.9
20	मोतिहारी	3	100.2	1	0.75	-	-	4	100.95
21	मुंगेर	2	2.24	1	180.59	-	-	3	182.83
22	मुजफ्फरपुर	1	158.78	1	1	-	-	2	159.78
23	पटना	2	51.27	-	-	-	-	2	51.27
24	पूर्णिया	3	194.07	-	-	-	-	3	194.07
25	सहरसा	2	96.9	-	-	-	-	2	96.9
26	सासाराम	4	107.72	-	-	-	-	4	107.72
27	सिवान	3	105.55	-	-	-	-	3	105.55
	कुल	**57**	**2196.32**	**10**	**366.48**	**3**	**4.03**	**70**	**2566.83**

* राज्य ने दीनापुर निजामत अमृत शहर में कोई परियोजना शुरु नहीं की है।

****